कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान
(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462003)
Website: - www.klsgaci.edu.in
E-mail: - principal@klsgaci.nic.in
महाविद्यालय दूरभाष क्रमांक– 0755 – 2970310
चिकित्सालय दूरभाष क्रमांक– 0755 – 2970319

क्रमांक / 2025 / स्थापना / 3617 भोपाल, दिनांक 18 / 03 / 2025

## –प्रेस विज्ञप्ति–
## –दिव्यांगजनों हेतु विशेष भर्ती अभियान–

म0प्र0शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र कमांक / एफ 8–2 / 2013 / आ0प्र0 / एक, दिनांक 04 / 01 / 2024, कमांक / एफ–7–19 / 2019 / आ0प्र0 / एक, दिनांक 31 / 05 / 2024 एवं कमांक / एफ–06–01 / 2002 / आ0प्र0 / एक, दिनांक 24 / 07 / 2024 तथा संचालनालय आयुष म0प्र0, भोपाल के पत्र कमांक / एफ–252 / 2024 / 4–स्थापना / 2294–2302, दिनांक 22 / 07 / 2024 एवं कमांक / एफ–31 / शाखा–4 / आयुष शिक्षा / 2024 / 4595, दिनांक 11 / 12 / 2024 तथा पत्र कमांक / एफ–311 / 2025 / 4–स्थापना / 1126–27, दिनांक 17 / 03 / 2025 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुक्रम में संस्थान के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित एवं रिक्त पदों की पूर्ति, विशेष भर्ती अभियान के तहत वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु रिक्त पदों की संख्या, शैक्षणिक अर्हता, वेतनमान, आदि निम्नानुसार है–

| क्र0 | पद का नाम | श्रेणी | रिक्त पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | वेतनमान | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टाफ नर्स | तृतीय | 01-EH<br>01-LD | विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एस0सी0 नर्सिग / जी0एन0एम0 परीक्षा उत्तीर्ण। संबंधित बोर्ड में पंजीयन। | 28700–91300<br>लेवल–7 | दिनांक<br>06 मई 2025 |
| 02 | फार्मासिस्ट आयुर्वेद | तृतीय | 01-LD | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल या किसी भी बोर्ड से भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। आयुर्वेद फार्मेसी मे डिप्लोमा। म0प्र0 पैरामेडिकल परिषद् में जीवित पंजीयन। | 28700–91300<br>लेवल–7 | दिनांक<br>06 मई 2025 |
| 03 | म्यूजियम कीपर | तृतीय | 01-EH | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल अथवा किसी बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं म्यूजियम कीपिंग में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त म्यूजियम कीपिंग पाठ्यक्रम का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। | 19500–62000<br>लेवल–4 | दिनांक<br>06 मई 2025 |

.....निरंतर अगले पृष्ठ पर/–

| क्र0 | पद का नाम | श्रेणी | रिक्त पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | वेतनमान | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | कम्प्यूटर ऑपरेटर सह असिस्टेंट | तृतीय | 01-EH | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल अथवा किसी बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। सीपीसीटी परीक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 01 वर्षीय पत्रोपाधि। उपाधिधारी को अधिमान्यता। | 19500–62000 लेवल–4 | दिनांक 06 मई 2025 |
| 05 | पंचकर्म सहायक | तृतीय | 01-EH | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल या किसी भी बोर्ड से भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। पंचकर्म प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। म0प्र0 पैरामेडिकल परिषद् में जीवित पंजियन। | 19500–62000 लेवल–4 | दिनांक 06 मई 2025 |
| 06 | लैब असिस्टेंट | तृतीय | 01-LD | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल या किसी बोर्ड से भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान विषय के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। लैब टेक्नीशियन पाठ्यक्रम का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। म0प्र0 पैरामेडिकल परिषद् में जीवित पंजियन। | 19500–62000 लेवल–4 | दिनांक 06 मई 2025 |
| 07 | अटेन्डेन्ट | चतुर्थ | 01-LD | मान्यता प्राप्त संस्था से 8वीं अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | 15500–49000 लेवल–1 | दिनांक 07 मई 2025 |
| 08 | लैबोरेटरी अटेन्डेन्ट | चतुर्थ | 01-LD | मान्यता प्राप्त संस्था से 8वीं अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | 15500–49000 लेवल–1 | दिनांक 07 मई 2025 |
| 09 | ओ0पी0डी0 अटेन्डेन्ट | चतुर्थ | 01-LD | मान्यता प्राप्त संस्था से 8वीं अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | 15500–49000 लेवल–1 | दिनांक 07 मई 2025 |
| 10 | मिडवाईफ / वार्डवाय / आया | चतुर्थ | 01-VH | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल अथवा किसीबोर्ड से हाई स्कूल प्रमाण–पत्र अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण कोर्स उत्तीर्ण। म0प्र0 पैरामेडिकल परिषद् में जीवित पंजियन। | 15500–49000 लेवल–1 | दिनांक 07 मई 2025 |

.....निरंतर अगले पृष्ठ पर/–

| क्र0 | पद का नाम | श्रेणी | रिक्त पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | वेतनमान | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | स्वच्छक | चतुर्थ | 01-VH<br>01-EH | मान्यता प्राप्त संस्था से 8वीं अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | 15500–49000<br>लेवल–1 | दिनांक<br>07 मई 2025 |

* **EH-बहरे एवं कम सुनने वाले, VH-दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टि एवं LD-लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी।**
* **रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनशील है।**
* **म0प्र0 शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, मत्रांलय, भोपाल के राजपत्र (असाधारण) दिनांक 25/08/2018 के अनुसार दृष्टिबाधित एव श्रवण बाधित विकलांगता अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा में। हाथों की विकलांगता को छोड़कर शेष प्रकार की अस्थि बाधित विकलांगता स्वीकार्य, जिसकी अधिकतम सीमा 60 प्रतिशत स्वीकार्य है।**

उपरोक्त निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालयीन समय में कार्यालय पं0 खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। संस्थान में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15/04/2025 है। अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों में से नियमानुसार उचित पाये गये अभ्यर्थियों को वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा। दिव्यांगजनों की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर समय–समय पर अपलोड की जायेगी। अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि संस्थान की वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** का सतत् अवलोकन करते रहे।

आवश्यक नियम/निर्देश तथा आवेदन–पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(डॉ0 उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवंमुख्य कार्यपालन अधिकारी

3/D:\mohit 2024-25\2025\PWD 2025\VIGYAPAN 2025 PwD.docx

## –आवश्यक नियम एवं निर्देश–

1 आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

2 समस्त प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

3 आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित है।

4 आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

5 शासकीय संस्था/अर्धशासकीय संस्थान/निगम/मण्डल में कार्यरत कर्मचारी, नियोजक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

6 वॉक–इन–इन्टरव्यू के समय सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियॉ उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

7 संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा। साथ ही यू.डी.आई.डी. (UDID) से जारी दिव्यांगता डिजिटल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है वे अपात्र मान्य किये जायेंगे।

8 कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

9 जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उससे पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

10 आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित पद की समस्त अर्हता/योग्यता आवेदक के पास होना आवश्यक है।

11 सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ–8–3/2013/आप्र/एक, दिनांक 17/07/2014 के अनुसार दिव्यांगजन की नियुक्ति के पश्चात् एवं उनके कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड से निःशक्तता प्रमाण पत्र का परिक्षण कराया जाये।

12 सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 13.10.2015 के अनुसार मूक बधिर श्रेणी के दिव्यांगजनों की शासकीय भर्ती से पूर्व मेडिकल बोर्ड से बैरा टेस्ट (Bera Test) की रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

13 मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 31.05.2024 की कंडिका 2.4 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से की जाये, यह स्पष्ट किया गया है कि वॉक–इन–इंटरव्यू से आशय साक्षात्कार के लिए पृथक से अंक दिये जाने की आवश्यकता नहीं है। संस्थान के रिक्त पदों के लिए नियमों में उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के आधार पर मैरिट सूची बनायी जाकर पद पूर्ति की जाये।

14 सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 8/4/2001/आप्र/एक (पार्ट) दिनांक 03/07/2018 द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार समान अंक होने की स्थिति में जिन दिव्यांगजनों की निःशक्तता अधिक है, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।

15 इस विशेष भर्ती अभियान में सामान्य प्रशासन विभाग एवं आयुष विभाग के समय–समय पर जारी नियम एवं निर्देश लागू किये जायेंगे।

16 विज्ञापित पदों की संख्या कम या अधिक की जा सकती है।

17 नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार **प्रधानाचार्य, पं0 खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,** भोपाल के पास सुरक्षित होंगें।

(डॉ0 उमेश शुक्ला)
**प्रधानाचार्य एवंमुख्य कार्यपालन अधिकारी**

## –आवेदन का प्रारूप–

| नवीन कलर पाटपोर्ट साईज फोटो |
|---|

प्रति,

**प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**पं0 खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय**
**एवं संस्थान, भोपाल।**

1. **आवेदित पद का नाम**..........................................
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम..........................................
3. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का नाम ..........................................
4. जन्मतिथि..........................................आयु–वर्ष......................माह..............दिवस..........................
5. प्रवर्ग (UR/SC/ST/OBC/EWS)..........................................
6. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह दिनांक..........................
7. जीवित बच्चों का विवरण..........................................

| क0 | नाम | लिंग (पुत्र/पुत्री) | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

8. पत्र व्यवहार का पता एवं पिनकोड..........................................
..........................................
9. मोबाइल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0..........................................
..........................................
10. दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत..........................................
11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक..........................................
12. रोजगार कार्यालय का नाम एवं स्थान..........................................
13. शैक्षणिक योग्यताः–    प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां संलग्न करें–

| क0 | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/वि.वि. का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णाक/प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. संबंधित बोर्ड का रजिस्ट्रीकरण क्रमांक..........................................
(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
15. अतिरिक्त विशेष तकनीकी योग्यता/अनुभव यदि हो तो..........................................
16. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करें।

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

## //घोषणा पत्र//

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है, वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जायेगा।

स्थान–
दिनांक–

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर एवं पूर्ण पता**

..........................................
..........................................
..........................................